सीयू ने किया गोद ग्रामों में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन

उन्नत भारत अभियान, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के द्वारा गोद ग्राम पुडू में एक जिला स्तरीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन २९ सितम्बर को किया गयाI कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोटा श्रीमति ललिता भगत थी I मुख्य अतिथि ने ग्रामीण महिलाओं के लिए समूह के महत्व पर जोर दिया एवं कहा कि महिला समूहों को सरकार के द्वारा एवं बैंक द्वारा अनके प्रकार की सुविधाए प्रदान की जाती है जिसके तहत वे कई प्रकार के उत्पाद जैसे अगरबती, पापड़, मशरुम, केचुआ खाद इत्यादी तैयार घर बैठे ही अच्छी आय प्राप्त कर सकती है I जनपद सी.इ.ओ. ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गुरवा घुरवा बाड़ी द्वारा लोगो को मिल रही फायदे का जिक्र कर इससे लाभान्वित होने के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही I जिले के अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक श्री देवदास चटर्जी ने धन एवं उसको बढ़ाने हेतु अनेक सुझाव दिए उन्होंने कहा कि अब सभी लोगों खाता बैंक में खुल चूका है लेकिन मिनिमम धनराशि नही होने के कारण अटल पेंशन यौजना, दुर्घटना बिमा इत्यादी का लाभ लोगों को नही मिल पाता है I कार्यक्रम में आमंत्रित वित्तीय साक्षरता काउंसेलर श्री देशधर ने बैंक द्वारा संचालित अनेक ऋण सुविधाओं के बारे में बतायाI उन्होंने सुकन्या योजना एवं मुद्रा लोन द्वारा लाभ लेने हेतु लोगो को प्रेरित किया I उन्नत भारत अभियान के नोडल अधिकारी डॉ के. के. चंद्रा ने केन्द्रीय विश्वविद्यालय के द्वारा गोद ग्रामों में चलाये जा रहे जनजागरण एवं अन्य कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देकर बताया कि कमाना एवं बचाना दोनों ही कठिन क्रिया है लेकिन अगर हम ऐसा प्रयास करे कि हमारे आय का श्रोत बढे एवं हमें प्रतिदिन आय मिलता रहे तो हमारी तरक्की को कोई नही रोक सकता I इसके लिए उन्होंने प्रत्येक घर में सब्जी बाड़ी, फलदार पौधे, पशुपालन इत्यादी अपनाने के लिए प्रेरित किया, साथ ही बैंक द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं पर भी प्रकाश डाला I कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक छपोरा शाखा के प्रबंधक ने किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए आवश्यक कागजात के बारे में जानकारी दिया I उन्होंने आश्वस्त किया क्षेत्र के किसान इसका लाभ अवश्य लेवे क्योकि किसान क्रेडिट कार्ड किसानों के लिए वरदान है एवं इसमे व्याज भी बहुत कम है I कार्यक्रम को श्री एस. के यादव पंचायत इंस्पेक्टर जनपद कोटा, भारतीय स्टेट बैंक रतनपुर के शाखा प्रबंधक श्री सुनील मिश्रा, श्री धन सिंह पैकरा, जनपद सदस्य, डॉ. एस. के. साही, डॉ. सुबल दास, डॉ. डी. के. पटेल ने संबोधित कर लोगो को वित्त प्रबंधन हेतु जागरूक किया I कार्यक्रम में सरपंच पुडू श्रीमती पावे टोप्पो, सरपंच तेंदुभाठा पूर्णिमा पैकरा, दुबराज सिंह, सचिव पुडू कोले, आनद जायसवाल, सामले, पतराम सिंह राजेश्वर टोप्पो, ज्ञान सिंह समेत पुरे क्षेत्र के लगभग १५० किसान एवं महिलाओं ने भाग लिया I

वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन

मुख्य अतिथि श्रीमती ललिता भगत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद कोटा का स्वागत

कार्यक्रम में जानकारी लेते हुए ग्रामीण

कार्यक्रम में भाग लेते गोद ग्रामों के ग्रामीण

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उन्नत भारत अभियान के नोडल अधिकारी डॉ के. के. चंद्रा

वित्तीय प्रबंधन की जानकारी देते विशेषज्ञ

कार्यक्रम को सम्बोधित करती मुख्य अथिति श्रीमती ललिता भगत

ग्रामीणों को दी गई वित्तीय जानकारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

खैरा. गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के द्वारा गोद ग्राम पुडू में एक जिला स्तरीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोटा ललिता भगत ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि अर्थ व्यवस्था के संवर्धन के लिए रोजगारोन्मुखी जीविका प्रणाली को अपनाये एवं स्वयं रोजगार दाता बनें।

उन्होंने कहा कि महिला समूहों को सरकार के द्वारा एवं बैंक द्वारा अनके प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जाती है, जिसके तहत वे कई प्रकार के उत्पाद जैसे अगरबती, पापड़, मशरुम, केंचुआ व खाद आदि तैयार कर घर बैठे ही अच्छी आय प्राप्त कर सकती हैं। जिले के अग्रणी बैंक भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक देवदास चटर्जी ने धन एवं उसको बढ़ाने हेतु अनेक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि अब सभी लोगों खाता बैंक में खुल चुका है, लेकिन मिनिमम धनराशि नहीं होने के कारण अटल पेंशन योजना, दुर्घटना बीमा आदि का लाभ लोगों को नहीं मिल पाता है। अतः कुछ रकम बैंक में जरुर रखें एवं बीच-बीच में उसकी जानकारी बैंक से लेते रहें। तभी खाताधारकों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभी मिल सकेगा।

वित्तीय साक्षरता काउंसेलर देशधर ने बैंक द्वारा संचालित अनेक ऋण सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्नत भारत अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. केके चंद्रा ने केन्द्रीय विश्वविद्यालय के द्वारा गोद ग्रामों में चलाये जा रहे जनजागरण एवं अन्य कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। पंजाब नेशनल बैंक छपोरा शाखा के प्रबंधक विनीत ने किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए जरूरी कागजात के बारे में जानकारी देते हुए अपील किया कि किसान इसका लाभ अवश्य लें। कार्यक्रम को पंचायत इंस्पेक्टर एसके यादव, सुनील मिश्रा, धन सिंह पैकरा, डॉ. एसके शाहीए डॉ. सुबल दास प डॉ. डीके पटेल ने भी संबोधित किया। इस दौरान सरपंच पावे टोप्पो, पूर्णिमा पैकरा, दुबराज सिंह, आनंद जायसवाल, पतराम सिंह, राजेश्वर टोप्पो व ज्ञान सिंह आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम का समाचार पत्रों में प्रकाशन पत्रिका में

सीयू की उन्नत भारत अभियान टीम ने वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित की

बिलासपुर@ पत्रिका गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय की उन्नत भारत अभियान टीम के सदस्यों ने गोद ग्राम पुडू में जिला स्तरीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन 29 सिंतबर को किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोटा ललिता भगत रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भगत ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि अर्थव्यवस्था के संवर्धन के लिए रोजगारोन्मुखी जीविका प्रणाली को अपनाएं एवं स्वयं रोजगारदाता बने। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं के लिए समूह के महत्व पर जोर देते हुए महिला समूहों को सरकार और बैंक से दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के विषय में जानकारी प्रदान की। इन सुविधाओं के अंतर्गत कई प्रकार के उत्पाद जैसे अगरबती, पापड़, मशरुम, केंचुआ खाद इत्यादी घर पर तैयार कर अच्छी आमदनी की जा सकती है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गुरवा, घुरवा और बाड़ी द्वारा लोगों को मिल रहे फायदे का जिक्र कर इससे लाभान्वित होने के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही। भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक बिलासपुर देवदास चटर्जी ने धन एवं उसको बढ़ाने के लिए सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि अब सभी लोगों खाता बैंक में खुल चुका है लेकिन न्यूनतम राशि खाते में न होने की वजह से अटल पेंशन योजना, दुर्घटना बीमा इत्यादि का लाभ लोगों को नही मिल पाता है। उन्होंने इसके लिए कुछ रकम बैंक में जरूर रखने एवं बीच-बीच में उसकी जानकारी बैंक से लेते रहने के लिए खाताधारकों को सुझाव दिया। कार्यक्रम में आमंत्रित वित्तीय साक्षरता काउंसलर देशधर ने बैंक द्वारा संचालित अनेक ऋण सुविधाओं के बारे में बताया। उन्होंने सुकन्या योजना एवं मुद्रा लोन द्वारा लाभ लेने हेतु लोगों को प्रेरित किया।